गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छ.ग.

प्रेस–विज्ञप्ति **दिनांक : 12 मई, 2011**

बिलासपुरः गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.टी.) में दिनांक 09. 05.2011 को चैन्नई की एक प्रतिष्ठित कंपनी बी.जी.आर. एनर्जी सिस्टम्स लिमिटेड ने बी.ई.(मैकेनिकल इंजीनियरिंग) के अंतिम वर्ष छात्र–छात्राओं हेतु कैंपस चयन का आयोजन किया। कंपनी ने चयन के लिए लिखित परीक्षा, समूह परिचर्चा एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार की प्रक्रिया अपनाई। कंपनी के विशेषज्ञों ने प्रारंभ में लिखित परीक्षा के लिए कुल 32 छात्र–छात्राओं का चयन किया। लिखित परीक्षा, समूह परिचर्चा व व्यक्तिगत साक्षात्कार के बाद मैकेनिकल इंजीनियरिंग के कुल 04 विद्यार्थियों का अंतिम रुप से चयन किया गया। इसके साथ ही 03 विद्यार्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। कंपनी इलेक्ट्रिकल एवं सिविल इंजीनियरिंग से भी विद्यार्थियों के चयन की इच्छुक थी, लेकिन यहां वर्तमान में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के न होने तथा सिविल इंजीनियरिंग का प्रथम बैच होने के कारण चयन प्रक्रिया नहीं अपनाई गई। कंपनी के अधिकारियों ने आगामी नवंबर, दिसंबर महीने में आई.टी. के विद्यार्थियों के कैंपस चयन के लिए पुनः आने का वादा किया है। उस समय मैंकेनिकल इंजीनियरिंग के साथ ही सिविल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के चयन की भी प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

मीडिया प्रभारी